# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

## मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

कोरबा जोन

फा.क्र./67/निर्माण (कोरबा जोन)/2022/ कोरबा, दिनांक 21.09.2022

## चतुर्थ निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित **PWD Road SOR 01.01.2015** से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर तथा शेड्युल अनुसार आयटम दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि–लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :–

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि – 12.10.2022 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि – 12.10.2022 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रू में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | ठेकेदार का वर्ग | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 02 सुनालिया चौक से अग्रसेन तिराहा तक बी. टी. सड़क मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य। **(अधोसंरचना मद)** | **11,94,000/-** | **9,000/-** | **750/-** | **Form-A** | 04 माह (वर्षा ऋतू को छोड़कर) | सक्षम श्रेणी | **12.10.2022** |

निविदा की शर्तेः–

1. निविदा दरे प्रचलित सी.एस.आर.से कम या अधिक प्रतिशत् दरों पर दिया जावे सी.एस.आर.के अंतर्गत के आयटमों पर पृथक से आयटम दरों का उल्लेख करने पर निविदा निरस्त मानी जावेगी।
2. निविदा के दस्तावेज हाथो–हाथ न लिया जाकर रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जावेगा। अन्य माध्यमों यथा कोरियर सर्विस, साधारण डाक इत्यादि से प्राप्त अथवा समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा **आयुक्त, नगर पालिक निगम, आई.टी.आई. चौक साकेत भवन, जिला–कोरबा (छ.ग.) पिन नं.–495677** के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 3:00 के पश्चात् प्राप्त निविदाऍ स्वीकार नहीं किए जावेंगे।
3. निविदा प्रपत्र नगर पालिक निगम, कोरबा के वेबसाईट **www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in** डाउनलोड किया जाकर नवीन निविदा प्रपत्र **Form - A/B/ABC** (जारी दिनॉक तक समस्त संशोधनों के साथ) निर्धारित शुल्क की डीडी के साथ संबंधित कार्य का नाम पूर्ण विवरण सहित भरकर भेजना होगा।
4. निविदा प्रपत्र त्रि–लिफाफा पद्धति से मान्य किया जावेगा जो निम्नानुसार होगाः–
   - (अ) प्रथम लिफाफा में ठेकेदार का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, निविदा सूचना आमंत्रण में उल्लेखित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क का डीडी (निविदा आमंत्रण पत्र जारी दिनांक के पश्चात् का मान्य) एवं अमानत राशि का टी.डी.आर./एफ.डी.आर. जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के नाम पर देय होगा प्रस्तुत करना होगा।
   - (ब) द्वितीय लिफाफा में ठेकेदार द्वारा भरा हुआ निविदा प्रपत्र होगा।
   - (स) तृतीय लिफाफा में उपरोक्त दोनो लिफाफाऍ होगी तथा आवश्यकता पड़ने पर मूल अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।
5. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम (साडा) के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम (साडा) के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हे निविदा भरने की पात्रता नही होगी।
6. निविदा हेतु इच्छुक ठेकेदारों को उचित वर्ग में पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, उपलब्ध तकनीकी अमले की जानकारी पिछले वित्तीय वर्ष का **आय चुकता प्रमाणपत्र, पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीयन एवं प्रशिक्षित यंत्री नियुक्त करने संबंधी प्रमाण पत्र, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, कर्मचारी,राज्य बीमा निगम रायपुर से पंजीयन** एवं विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) हस्ताक्षरयुक्त निर्धारित प्रारूप में निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका क्र. 04 के अनुरूप लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

क्रमशः............02

7. कार्य हेतु लिफाफे पर कार्य का नाम निविदा आमंत्रण सूचना कमॉक, निविदा खुलने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखकर भेजना होगा।
8. डामरीकरण कार्य की निविदा हेतु ठेकेदार को स्वयं के स्वामित्व/लीज के आटोमेटिक ड्रम मिक्स प्लांट, हॉट मिक्स प्लांट, पेवर फिनिशर, रोड रोलर एवं अन्य मशीनरी आदि मशीनों के प्रमाण पत्र निविदा के लिफाफा "अ" में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा निविदाकार का 60 किमी. की परिधि में हॉल मिक्स प्लांट होना आवश्यक है।
9. ठेकेदार द्वारा 60/70 ग्रेड का डामर IOC, BPCL, HPCL से ही क्रय कर लगाना होगा। ठेकेदार को तेल कंपनी को दी जाने वाली प्रदाय आदेश की प्रतिलिपि इस कार्यालय को देनी होगी।
10. कार्य में प्रयुक्त डामर खरीदी के देयक (बिल) कार्यालय में प्रस्तुत करने पर ही भुगतान किया जायेगा।
11. निविदाकार का यह दायित्व है कि वे निविदा भरने के पूर्व स्थल का स्वयं निरीक्षण कर लेवें ताकि प्रारंभ करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।
12. निर्धारित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित कंडिकाएँ स्वमेव लागू मानी जावेगी एवं निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग माना जावेगा।
13. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र, निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि, निविदा आमंत्रण सूचना पत्र में उल्लेखित दस्तावेज सही पाए जाने पर ही निविदा दर का लिफाफा खोला जावेगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
14. ठेकेदार को अपनी दरें शब्दों एवं अंको में लिखना अनिवार्य होगा।
15. शासन के विभिन्न विभागों जैसेः– खजिन विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग इत्यादि विभागों द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों/आदेशों के पालन की समस्त जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।
16. ठेकेदार यदि कार्य को अपूर्ण स्थिति में छोड़ता है तो निविदा प्रपत्र में उल्लेख अनुसार इस संबंध में प्रावधान के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।
17. कार्य प्रारंभ नहीं करने अथवा अपूर्ण स्थिति में छोड़ने पर निगम द्वारा ठेकेदार के विरूद्ध तत् समय में एम.आई.सी. द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के अधीन कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी ठेकेदार की होगी।
18. सफल निविदा दाता से अनुबंध के समय अतिरिक्त परफार्मेंस राशि जमा कराई जावेगी जबकि निविदा की दरों में काफी कमी हो जैसे निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत से अधिक निविदा दर होने पर सफल निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत के 90 प्रतिशत अंतर की राशि के समतुल्य परफार्मेंस गारंटी के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर./टी.डी.आर. ऑफिस अथवा टाईम डिपॉजिट जो कि आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा के नाम से देय होगा, जो मांग तिथि से **15 दिवस** के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त राशि को जमा न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
19. **सम्पूर्ण किये गये कार्यों के लिये 5 प्रतिशत की दर से सुरक्षा राशि रनिंग देयकों के साथ 01 वर्ष हेतु सिक्यूरिटी के रूप में** रोकी जावेगी।
20. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम 1996 एवं तद्अंतर्गत निर्धारित नियमों के तहत् पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा निर्माण लागत का **1 प्रतिशत उपकर** के रूप में प्रत्येक देयक से कटौती की जावेगी।
21. निविदाकार को प्रत्येक निविदा में पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में किये जा रहे कार्यो का विवरण राशि सहित मूल प्रति में वैध शपथपत्र निविदा के प्रथम लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
22. ईंट से संबंधित निर्माण कार्यों में फ्लाई एश ब्रिक का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
23. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
24. निविदा प्रपत्र **Form-A** के क्लॉज नम्बर–11 अनुसार एस्केलेशन देय नहीं होगा।
25. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा।
26. निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि (कार्य दिवस) को निविदा संबंधी कार्यवाही मानी जावेगी।

नोटः–

1. अमानत राशि के रूप में एफ.डी.आर./टी.डी.आर. अथवा नगद जमा रसीद पृथक से लिफाफे में स्वीकार किए जावेंगे आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा के नाम पर देय हो।
2. उपरोक्त तिथियों में किसी भी तिथि को शासकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निर्धारित तिथि समय एवं स्थान माना जावे।

प्रतिलिपि :– **प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नया रायपुर (छ.ग.) को Uad.cg.gov.in में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।**

(ठेकेदार के हस्ताक्षर)

नाम ..............................................

पूर्ण पता ..............................................

..............................................

मोबाईल नं.– ..............................................

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

# OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, KORBA ( C.G.)

## ABSTRACT

Name of Work : TARRING WORK FROM AGRASEN TIRAHA TO SUNALIYA CHOWK Repairing & Strengtheing Warana.02
As per SOR : SCHEDULE OF RATES PUBLIC WORKS DEPARTMENT [PWD ROAD-01.01.2015]

| S.N | REF | ITEM DESCRIPTION | UNIT | QTY | RATE | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5.2 | Tack coat Providing and applying tack coat with bitumen emulsion (RS-1, grade confirming to IS:8887) using emulsion pressure distributor on the prepared bituminous/granular surface cleaned with mechanical broom and as per clause 503. | | | | |
| | (i) | Bituminous surface @ 0.25 kg /Sqm | Sqm | 7355 | 15.00 | 110,325.00 |
| 2 | 5.3 | Bituminous Macadam (Providing and laying bituminous macadam as per clause 504 with mixed prepared in minimum 40-60 TPH capacity hot mix plant using crushed aggregates of specified grading premixed with bituminous binder, transported to site, laid over a previously prepared surface with paver finisher to the required grade, level and alignment and rolled to achieve the desired compaction) | | | | |
| | B | With mechanical paver finisher | | | | |
| | (ii) | for Grading-II(19 mm nominal maximum size, bitumen content 3.40%) | Cum | 24.50 | 6255.00 | 153,247.50 |
| 3 | 5.8 | Close Graded Premix Surfacing/Mixed Seal Surfacing (Mechanical means using minimum 40-60 TPH capacity of HMP. Providing, laying and rolling of close-graded premix surfacing material of 20 mm thickness using bitumen to the required line, grade and level to serve as wearing course on a previously prepared base, including mixing in a suitable plant, laying and rolling with a Smooth wheeled roller 8-10 tonne capacity, and finishing to required level and grade, complete as per clause 508) | | | | |
| | II. | With mechanical paver finisher | | | | |
| | A | With bitumen | | | | |
| | ii) | Type B ( 13.2 mm to 0.09 mm size aggregates ) | Sqm | 6375.00 | 146.00 | 930,750.00 |

**As per Estimate Amount Rs. 1194322.50**

Sub Engineer
Nagar PalikNigam
Korba (C.G.)

Assistant Engineer
Nagar PalikNigam
Korba (C.G.)